# कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,म.प्र.

जल भवन, बाणगंगा चौराहा, टी.टी.नगर, भोपाल–462003

दूरभाष : (0755) 2779411, 2779412 ईमेल : encph@nic.in, बेवसाईट : www.phed.mp.gov.in


2025 International Year of Cooperatives

क्रमांक 169 /(स्था.)राज/प्र.अ./लोस्वायॉवि/2025 भोपाल, दिनांक 21-05-2025

## // परिपत्र (Circular)//

विभाग में वर्तमान प्रचलित व्यवस्था में पत्राचार ईमेल एवं भौतिक माध्यम से किया जा रहा है, परन्तु इस तरह से किये जाने वाले पत्राचार में पत्रों/परिपत्रों/आदेशों आदि को एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय को शीघ्र प्रेषित करने एवं इन दस्तावेजों का सुव्यवस्थित संकलन करने में कठिनाई आती है, इस व्यवस्था को अधिक सरल एवं व्यवस्थित किए जाने हेतु विभाग द्वारा आईटी–पीएमयू के माध्यम से "Digital MPPHED" अंतर्गत 'Document Management System' का विकास किया गया है, इस पोर्टल के माध्यम से उपखण्ड स्तर तक के सभी कार्यालयों द्वारा जारी पत्रों/आदेशों/परिपत्रों एवं विभागीय बैठको की सूचना एवं कार्यवाही विवरणों आदि को विभिन्न कार्यालयों को रियल टाईम में डिजिटली प्रेषित किया जा सकता हैं। साथ ही इन सभी का संकलन भी ऑनलाईन रूप से किया जा सकेगा जिससे किसी भी पत्र/आदेश/परिपत्र को एक क्लिक पर किसी भी स्थान से सिस्टम के माध्यम से ऑनलाईन एक्सेस कर प्राप्त किया जा सकता है। यह व्यवस्था केवल विभागीय कार्यालयों के मध्य होने वाले पत्राचार एवं विभागीय दस्तावेजों के संकलन हेतु हैं। अन्य विभागों को प्रेषित होने वाले पत्राचार की व्यवस्था पूर्ववत् जारी रहेगी।

इसके अतिरिक्त वर्तमान में विभाग में नलजल योजनाओं से संबधित महत्वपूर्ण दस्तावेजों के एक स्थान पर संकलन हेतु कोई भी व्यवस्था नहीं है, इस पोर्टल के माध्यम से इन दस्तावेजों जैसे स्वीकृत डीपीआर, प्रशासकीय स्वीकृति, तकनीकी स्वीकृति की प्रति आदि को भी डिजिटली संधारित किया जा सकेगा।

इस सिस्टम के उपयोग हेतु दिशा–निर्देश निम्नानुसार हैं:–

- **Document Management System (DMS) की उपलब्धता :–**

यह सिस्टम www.phed.mp.gov.in/digitalmpphed पर उपलब्ध है, साथ ही विभागीय नवीन वेबसाइट www.phed.mp.gov.in पर उपलब्ध 'Digital MPPHED' की डॉयरेक्ट लिंक की मदद से भी इसे एक्सेस किया जा सकता है।

विभागीय अधिकारी अपनी यूजर–आईडी (अधीकृत ईमेल–आईडी) एवं पासवर्ड से Digital MPPHED पर लॉगिन कर Document Management System को एक्सेस कर सकेंगे। समस्त विभागीय कार्यालयों को इस पोर्टल पर लॉगिन करने हेतु आईडी एवं पासवर्ड उपलब्ध करा दिये गये हैं।

- **Document Management System में दस्तावेज अपलोड करने की प्रक्रिया:–**

**1. नलजल योजनाओं से संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करना:–** खण्ड कार्यालय अंतर्गत नलजल योजनाओं के विभिन्न दस्तावेजों यथा स्वीकृत DPR (Detailed Project Report), DWSM स्वीकृति, तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति, कार्यादेश, Contract

Agreement आदि को संबंधित कार्यपालन यंत्री द्वारा यूजर–आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन कर Upload File विकल्प की सहायता से अपलोड किया जायेगा। 'डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट सिस्टम' में Scheme Documents विकल्प के माध्यम से खण्ड के अंतर्गत सभी नलजल योजनाओं के कुल अपलोडेड दस्तावेज एवं शेष दस्तावेज जो अपलोड होने हैं (Pending for Upload) की जानकारी भी मिल सकेगी।

**2. पत्रों/आदेशों/परिपत्रों को अपलोड/डाउनलोड करना:–** 'डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट सिस्टम' में विभाग के विभिन्न कार्यालयों जैसे मंत्रालय, प्रमुख अभियंता/परिक्षेत्र/मंडल/खण्ड/उपखण्ड कार्यालयों द्वारा जारी पत्रों/आदेशों/परिपत्रों को संबंधित कार्यालयों (जिन्हे पत्र संबोधित है) को प्रेषित किया जा सकेगा एवं उनके द्वारा उक्त दस्तावेजों को रियल टाइम में प्राप्त कर डाउनलोड भी किया जा सकेगा।

**3. बैठकों के कार्यवाही विवरणों को अपलोड करना:–** डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट सिस्टम' में Minutes of Meeting विकल्प के माध्यम से बैठकों के कार्यवाही विवरणों को भी अपलोड किया जायेगा।

Document Management System (DMS) में 20 MB से कम साइज के दस्तावेज PDF फार्मेट में अपलोड किये जायेंगे। डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट सिस्टम' के उपयोग हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश (User Manual) संलग्न परिशिष्ट अनुसार है।

उपरोक्तानुसार 'डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट सिस्टम' को विभाग में दिनांक 20.05.2025 से लागू किया जाता है तथा इस सिस्टम के लागू होने के उपरांत आने वाली व्यवहारिक कठिनाइयों तथा इनके संबंध में प्राप्त होने वाले सुझावों के अनुसार आवश्यक संशोधन उक्त सिस्टम में किए जायेंगे।

20.5.2025

(के.के.सोनगरिया)
प्रमुख अभियंता

प.क्रमांक 4266/आईटी/प्र.अ./लोस्वायॉवि/2025 भोपाल, दिनांक 21/5/25

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, म.प्र शासन, लो.स्वा.यां. विभाग, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग समस्त परिक्षेत्र सिविल एवं वि./यां. परिक्षेत्र भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. अधीक्षण यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, समस्त मण्डल, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, समस्त खण्ड सिविल एवं वि./यां. मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. आदेश नस्ती।

20.5.2025

प्रमुख अभियंता